11/02/2026

आकाशवाणी ईटानगर

नॉर्थ ईस्टर्न काउंसिल - NEC ने अपनी योजना के तहत जनवरी 2026 में अरुणाचल प्रदेश के लिए छः करोड़ अठहत्तर हज़ार रुपये से ज़्यादा का फंड जारी किया है। यह फंड अरुणाचल प्रदेश की मातृभाषाओं एवं साहित्यिक विकास को बढ़ावा देने, कामले ज़िले के रागा के तहत सापारिजो (किचो) में टूरिज़्म कॉम्प्लेक्स बनाने, नामसाई ज़िले के चौखाम में मिनी फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण, तवांग स्थित दोरजी खांदू कॉलेज में बॉयज़ हॉस्टल और आंजाव ज़िले के मेयोर जैसे वंचित समुदाय के लिए आधारभूत विकास परियोजना के लिए जारी किया गया। राज्य-विशिष्ट विज्ञप्तियों के अलावा, NEC ने जनवरी 2026 में पूर्वोत्तर राज्यों के लिए अतिरिक्त फंड भी जारी किया। अरुणाचल प्रदेश के लिए, यह मिथुन संरक्षण और ब्रीडिंग सेंटर, वेस्ट कामेंग ज़िले में ईगल नेस्ट बर्ड फेस्टिवल एवं कॉलेज बनाने के लिए जारी किया गया।

0000000000000000000000

ग्रामिण विकास एवं पंचायती राज, राज्य मंत्री ओजिङ तासिङ ने जलविद्युत मंत्री के सलाहकार निन्नोङ इरिङ के साथ ईस्ट सियांग जिले के रानी गांव में विकसित भारत G RAM G अधिनियम के तहत एक ट्रैक्टर रैली को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद, पासीघाट स्थित गांधी चौक

पर एक चौपाल बैठक का आयोजन हुआ, जहाँ VB-G RAM G अधिनियम 2025 के दूरगामी प्रावधानों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देते हुए इस पर जानकारी साझा की गई। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री तासिङ ने कहा, VB-G RAM G अधिनियम एक नीति से कहीं ज़्यादा है, यह मज़बूत गाँव, उत्तरदायी शासन और एक सशक्त, प्रगतिशील, आत्मनिर्भर अरुणाचल प्रदेश और एक विकसित भारत बनाने के लिए एक बदलाव लाने वाला जन आंदोलन है।

0000000000000000000000

आगामी 40वें राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर आज दिबांग वैली जिले के आनिनी में नवनिर्मित डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए जिम्मेदारियाँ तय की गईं। बैठक को संबोधित करते हुए सब-डिविजनल ऑफिसर लिजुम एते ने कहा कि जिला परिषद की अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए योग्य अधिकारियों और आम नागरिकों के नामों की अनुशंसा भेजें, ताकि जिले के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित किया जा सके। समारोह का आयोजन जुबली ग्राउंड में किया जाएगा।

0000000000000000000000

अरुणाचल राइजिंग अभियान - ARC के अंतर्गत, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, सार्वजनिक पुस्तकालय विभाग तथा शिक्षा विभाग, वेस्ट कामेंग जिले द्वारा आज शेरगांव और जिगांव स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में संयुक्त रूप से एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में विद्यार्थियों के जीवन में पढ़ने की आदत के महत्व, नशा मुक्ति, बाल संरक्षण तथा पॉक्सो अधिनियम के बारे में जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और स्वदेशी मोबाइल लाइब्रेरी से पुस्तकें भी जारी कीं। यह जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई अपनी तरह की प्रथम पहल है।

0000000000000000000000000

राज्य स्थापना दिवस से पहले और स्वच्छता पखवाड़ा के तहत राज्य इकाई राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र - NIC द्वारा आज इटानगर के इंदिरा गांधी पार्क में एक सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में नागरिक ज़िम्मेदारी और पर्यावरण की स्थिरता के प्रति अपने प्रतिबद्धत्ता को दोहराया गया। NIC के 30 से ज़्यादा अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस अभियान में हिस्सा लिया और पार्क परिसर में व्यवस्थित स्तर पर सफाई की।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, पासीघाट में सोशल वर्क डिपार्टमेंट की हेड और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मेनुका कादू को इंडोनेशिया के बाली में नौवें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन द फ्यूचर ऑफ वीमेन 2026 में 'ओवरऑल बेस्ट प्रेजेंटेशन अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। डॉ. कादू की अवार्ड-विनिंग रिसर्च, जिसका शिर्षक "साइलेंस्ड बॉडीज़, फॉर्म्ड आइडेंटिटीज़: ट्राइबल गर्ल्स' मेंस्ट्रुअल एक्सपीरियंस इन नॉर्थईस्ट इंडिया" था, जिसे इसके मेथडोलॉजिकल रिगरिज़म और फेमिनिस्ट स्कॉलरशिप में महत्वपूर्ण योगदान के लिए चुना गया।

0000000000000000000000000

राज्य सरकार इस वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंद्रह महिला उपलब्धि प्राप्तकर्ताओं तथा महिला कल्याण के लिए कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों एवं संस्थानों को 'महिला उपलब्धि पुरस्कार' से सम्मानित करेगी। इन पुरस्कारों के प्राप्तकर्ताओं की घोषणा प्रत्येक वर्ष इसी महीने की बीस तारीख को की जाएगी। व्यक्तिगत श्रेणी में लगभग दस महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र और प्रत्येक को एक लाख रुपये नकद राशि प्रदान की जाएगी। वहीं, महिला कल्याण के लिए कार्य कर रही पांच संस्थाओं को प्रशस्ति-पत्र और दो लाख रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

0000000000000000000000000

राजीव गांधी यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट ने आज रोनो हिल्स, दोईमुख RGU कैंपस में एक दिवसीय AI इम्पैक्ट प्री-समिट एक्टिविटीज़ 2026 का आयोजन किया। हैंड्स-ऑन इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एक स्टूडेंट हैकाथॉन भी आयोजित किया गया

0000000000000000000000000